बिहार सरकार
सिविल विमानन विभाग

–: संकल्प :–

वा0सं0नि0 (योजना) 09–03 / 2026–...550   पटना, दिनांक– 22/04/2026

विषयः– सोनपुर (सारण) तथा अजगैबीनाथ धाम (भागलपुर) ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा के विकास हेतु डी०पी०आर० तैयार किये जाने हेतु निविदा के आधार पर चयनित एजेंसी मेसर्स राईट्स लि० को कार्य आवंटित किये जाने तथा तत्संबंधी परामर्श शुल्क के रूप में राशि ₹5,06,22,000/– (पाँच करोड़ छः लाख बाईस हजार रूपये जी.एस.टी. सहित) मात्र के प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।

2. सोनपुर (सारण) तथा अजगैबीनाथ धाम (भागलपुर) ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा के विकास हेतु डी०पी०आर० तैयार किये जाने हेतु कंसल्टेंसी एजेंसी के चयन हेतु निविदा (RFP) का प्रकाशन पत्रांक–168, दिनांक–05.02.2026, शुद्धि–पत्र पत्रांक–273, दिनांक–23.02.2026 एवं शुद्धि–पत्र पत्रांक–334, दिनांक–11.03.2026 निर्गत किया गया था।

3. उक्त के आलोक में प्राप्त निविदाओं में से मेसर्स राईट्स लि० को इस कार्य हेतु ₹5,06,22,000/– (पाँच करोड़ छः लाख बाईस हजार रूपये जी.एस.टी. सहित) मात्र न्यूनतम दर के आधार पर चयन किया गया है। विषयगत कार्य हेतु कम्पनी को कार्य के निष्पादन के आधार पर 10 किस्तों में भुगतान किया जाना है।

4. उल्लेखनीय है कि सारण जिलान्तर्गत ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, सोनपुर की स्थापना के लिए आधारभूत संरचना हेतु कुल चिन्हित 4228.61 एकड़ भूमि अर्जित किये जाने हेतु अनुमानित मुआवजा राशि ₹13,02,83,87,543/– (एक हजार तीन सौ दो करोड़ तेरासी लाख सत्तासी हजार पाँच सौ तेंतालीस रूपये) मात्र का मंत्रिपरिषद द्वारा दिनांक–20.02.2026 को संपन्न बैठक में मद संख्या–28 के रूप में सम्मिलित करते हुए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया। साथ ही भागलपुर जिला अंतर्गत सुल्तानगंज ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा के निर्माण हेतु 931 एकड़ भूमि अर्जित किये जाने के निमित्त अनुमानित मुआवजा राशि ₹4,72,72,00,000/– (चार सौ बहत्तर करोड़ बहत्तर लाख रूपये) मात्र का मंत्रिपरिषद द्वारा दिनांक–03.10.2025 को संपन्न बैठक में मद संख्या–100 के रूप में सम्मिलित करते हुए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया। तदालोक

Gaurav

में समाहर्त्ता, भागलपुर को स्वीकृत राशि के विरूद्ध ₹1,50,00,00,000/– (एक सौ पचास करोड़ रूपये) मात्र अन्तरित किया जा चुका है।

5. उपरोक्त तथ्यों के आलोक में सोनपुर (सारण) तथा अजगैबीनाथ धाम (भागलपुर) ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा के विकास हेतु डी०पी०आर० तैयार किये जाने हेतु निविदा के आधार पर चयनित एजेंसी मेसर्स राईट्स लि० को कार्य आवंटित किये जाने तथा तत्संबंधी परामर्श शुल्क के रूप में राशि ₹5,06,22,000/– (पाँच करोड़ छः लाख बाईस हजार रूपये जी.एस.टी. सहित) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

6. वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य स्कीम अन्तर्गत मांग संख्या–55 के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 5053 नागर विमानन पर पूँजीगत परिव्यय राज्ययोजना–02–विमानपत्तन–102–हवाई अड्डा– 0103–हवाई अड्डे विपत्र कोड–55–5053021020103 विषय शीर्ष 53 01 मुख्य निर्माण कार्य मद में राशि ₹1,25,00,00,000/–(एक सौ पच्चीस करोड़ रूपये) मात्र कर्णांकित है।

वित्तीय वर्ष 2026–27 में BOS3 से अधिक का दायित्व सृजित होने के कारण वित्त विभाग का संकल्प संख्या–12888, दिनांक–03.12.2024 की कंडिका–14 में निहित प्रावधान के आलोक में BOS3 की निर्धारित अधिसीमा से आगे की स्वीकृति प्रदान की गई है।

7. उपर्युक्त प्रस्ताव पर ज्ञापांक–335/लो०वि०, यो०वि०, दिनांक–21.04.2026 के द्वारा लोक वित्त समिति की अनुशंसा प्राप्त है।

8. इस प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद्, बिहार सरकार की बैठक दिनांक–22.04.2026 के मद संख्या–16 के रूप में सम्मिलित एवं स्वीकृत किया गया है।

9. यह संकल्प, निर्गत तिथि से प्रभावी होगा।

आदेशः– **आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में सर्वसाधारण और जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाय।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(डॉ0 निलेश रामचंद्र देवरे)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक– वा0सं0नि0 (योजना) 09–03/2026–550 **पटना, दिनांक–** 22/04/2026

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/4/26

(डॉ0 निलेश रामचंद्र देवरे)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक–वा0सं0नि0 (योजना)–09–03/2026–550 **पटना, दिनांक–** 22/04/2026

प्रतिलिपिः– मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव/मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/विकास आयुक्त के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

22/4/26

(डॉ0 निलेश रामचंद्र देवरे)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक–वा0सं0नि0 (योजना)–09–03/2026–550 **पटना, दिनांक–** 22/04/2026

प्रतिलिपिः– सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

22/4/26

(डॉ0 निलेश रामचंद्र देवरे)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक–वा0सं0नि0 (योजना)–09–03/2026–550 **पटना, दिनांक–** 22/04/2026

प्रतिलिपिः– वित्त विभाग (ई–गजट प्रशाखा), बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

22/4/26

(डॉ0 निलेश रामचंद्र देवरे)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक–वा0सं0नि0 (योजना)–09–03/2026–550 **पटना, दिनांक–** 22/04/2026

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर, सिविल विमानन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/4/26

(डॉ0 निलेश रामचंद्र देवरे)
सरकार के सचिव